हरिभूमि
भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, मंगलवार 27 अक्टूबर 2026

11 समारोह में शामिल होने वाले लोगों को न हो ...



12 30 लाख से दादरी में दीवारों पर होगी ...



खबर संक्षेप

शिंदोलिया खाप ब्राह्मण सभा की बैठक एक को

बाढ़ड़ा। शिंदोलिया खाप ब्राह्मण सभा की बैठक एक नवंबर रविवार को गांव पहाड़ी के माता मंदिर की धर्मशाला में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी ब्राह्मण सभा खाप चौरासी अध्यक्ष कमांडेंट बजरंग लाल शर्मा ने दी। उन्होंने कहा कि सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए ब्राह्मण समाज को आगे आना चाहिए। उन्होंने बताया कि बैठक में सभी पदाधिकारी भागीदारी करेंगे और समाज को नई दिशा देने के लिए विचार-विमर्श किया जाएगा। उन्होंने खाप प्रतिनिधियों को आवश्यक तौर पर भागीदारी का आह्वान किया।

गांव बलकरा में रात्रि ठहराव कार्यक्रम आज

चरखी दादरी। जिला प्रशासन की ओर से मंगलवार 27 अक्टूबर को गांव बलकरा स्थित शहीद रणबीर राजकीय विद्यालय में रात्रि ठहराव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपायुक्त मनदीप कौर और एसपी लोगेश कुमार पी करेंगे। कार्यक्रम शाम छह बजे शुरू होगा। नगराधीश सुरेश कुमार ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं और शिकायतों को सीधे प्रशासन के समक्ष सुनकर उनका यथासंभव मौके पर समाधान सुनिश्चित करना है। उपायुक्त मनदीप कौर ग्रामीणों से संवाद करेंगी। संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के निस्तारण के लिए निर्देश दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का प्रयास है कि ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं और प्रशासनिक सेवाओं का लाभ आसानी से मिले। रात्रि ठहराव कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को समस्याएं रखने और उनके त्वरित समाधान का अवसर मिलेगा।

सूचना मिलते ही करीब पांच मिनट में पहुंची दमकल विभाग की गाड़ियां

प्लास्टिक का सामान बनाने की फैक्ट्री में लगी आग, आधे घंटे में पाया काबू





भिवानी। फैक्ट्री में लगी आग की लपटों को शांत करते फायर बिग्रेड कर्मचारी और फैक्ट्री में रखे सामान को हटाते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

सोमवार सुबह इंडस्ट्रियल एरिया में प्लास्टिक की पॉलीथिन और थैलियां बनाने वाली फैक्ट्री में आग लग गई। आग लगने के कुछ ही मिनट बाद लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलने के करीब पांच मिनट बाद ही दमकल विभाग का दस्ता पहुंच गया। उस वक्त फैक्ट्री में पड़े सामान के जलने से आग की लपटें उठ रही थी।

करीब आधे की कड़ी मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग की लपटों को शांत कर दिया। उसके बाद भी आग से लाखों रुपये का सामान जल कर राख हो गया। गनीमत रही कि दमकल दस्ता सूचना के कुछ ही मिनटों के बाद पहुंच गया। अगर थोड़ी सी ज्यादा देर हो जाती तो फैक्ट्री का अधिकांश सामान जलकर राख हो सकता था। हालांकि अभी यह जानकारी नहीं मिल पाई है कि आग से फैक्ट्री में कितना नुकसान हुआ है। चूंकि जिस जगह पर आग लगी थी। वहां पर कच्चा व पक्का तैयार किया हुआ प्लास्टिक का सामान रखा हुआ था। आग लगने के कारणों का भी अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है। जानकारी के अनुसार सुबह करीब 8 बजकर 6 मिनट पर आग लगने की सूचना मिली। वहां से गुजर रहे लोगों ने इस बारे में फायर ब्रिगेड दस्ते को सूचना दी।

जिस जगह पर आग लगी थी वहीं कच्चा व पक्का तैयार किया हुआ प्लास्टिक का सामान रखा था

सूचना मिलते ही दस्ता करीब 8 बजकर 11 मिनट पर टीम मौके पर पहुंच गई। उस वक्त आग की लपटें लगातार बढ़ती जा रही थी। आग की भयानकता को देखते हुए दूसरी गाड़ी भी बुला ली। दोनों गाड़ियों के दस्ते ने करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। आग की इस घटना में लाखों रुपये का नुकसान होने की जानकारी सामने आई है। फैक्ट्री में प्लास्टिक के दाने, कच्चा माल और मशीनरी मौजूद होने के कारण आग बड़ा रूप ले सकती थी। हालांकि, समय पर सूचना मिलने और दमकल विभाग की मुस्तैदी के चलते आग पर काबू पा लिया गया, जिससे आसपास की दूसरी औद्योगिक इकाइयों को संभावित खतरे से बचाने में मदद मिली। फैक्ट्री मालिक ने आग से लाखों रुपये का सामान जलने की आशंका जताई है। उन्होंने बताया कि आग की लपटें पूरी तरह शांत होने के बाद सामान की जांच करेंगे। उसके बाद ही पता चल पाएगा कि कितना सामान जला है और कितना सामान खराब हुआ है।

यदि देरी होती तो आग ले सकती थी विकराल रूप

इस पूरे मामले की जानकारी फायर स्टेशन ऑफिसर रमन कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि अगर दमकल विभाग को सूचना मिलने में देरी होती या गाड़ियां समय पर मौके पर नहीं पहुंचतीं, तो आग विकराल रूप ले सकती थी।

आग को बुझाने में इन्होंने किया सहयोग

इस कार्रवाई में फायर ऑपरेटर सुनील, राहुल चौहान, फायर ऑपरेटर भूपेंद्र सिंह, एलएफएम नरेंद्र और फायर ऑपरेटर संदीप व प्रशांत सहित दमकल टीम के सदस्यों ने भूमिका निभाई।

समसपुर टी-पॉइंट पर नाकाबंदी कर 126 वाहन जांचे, 11 के काटे चालान



हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

डीएसपी धीरज कुमार के नेतृत्व में 16 पुलिसकर्मियों ने वाहनों की जांच की

अपराधों की रोकथाम, नशा तस्करी पर अंकुश लगाने और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए दादरी पुलिस ने बीती रात को समसपुर टी-पॉइंट पर विशेष नाकाबंदी अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस टीम ने 126 वाहनों की जांच की और यातायात नियमों की अवहेलना करने पर 11 वाहन चालकों के चालान काटे। पुलिस महानिदेशक हरियाणा के निर्देशों के तहत जिला पुलिस अधीक्षक लोगेश कुमार पी के मार्गदर्शन में अभियान चलाया।

डीएसपी धीरज कुमार के नेतृत्व और इंस्पेक्टर जयभगवान की अगुवाई में 16 पुलिसकर्मियों की टीम ने नाकाबंदी कर आने-जाने वाले वाहनों की जांच की। अभियान का उद्देश्य आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने, अवैध नशा तस्करी को नियंत्रित करने और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर निगरानी रखना रहा। रात्रिकालीन चेकिंग के दौरान पुलिसकर्मियों ने छोटे-बड़े सभी वाहनों को रुकवाकर उनकी तलाशी ली।

वहीं अंधेरे में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए टॉर्च और मेटल डिटेक्टर का इस्तेमाल किया गया। पुलिस टीम ने वाहनों की डिक्की, सीटों के नीचे और अन्य हिस्सों की बारीकी से जांच की। इस दौरान यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले 11 वाहन चालकों के चालान किए। दादरी पुलिस ने रात्रि के समय सफर करने वाले वाहन चालकों और आम नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है। पुलिस ने कहा कि वाहन चलाते समय आरसी, ड्राइविंग लाइसेंस और पहचान संबंधी वैध दस्तावेज साथ रखें। नाकाबंदी के दौरान पुलिसकर्मियों को जांच में सहयोग दें और निर्धारित गति सीमा का ध्यान रखें। रात के समय वाहन चलाते हुए जल्दबाजी और लापरवाही से बचें। पुलिस ने नागरिकों से यह भी अपील की कि सड़क किनारे कोई लावारिस वस्तु, संदिग्ध बैग, बिना नंबर प्लेट का वाहन या संदिग्ध गतिविधि दिखाई देने पर तुरंत डायल-112 पर सूचना दें।

बैंकों का निजीकरण मंजूर नहीं, जनता की गाढ़ी कमाई को लुटवाना बंद करें सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



■ फेयरफैक्स के पास पहले से ही कैथोलिक सीरियन बैंक में 40 प्रतिशत शेयर

सीपीआई (एम) जिला कमेटी भिवानी आईडीबीआई बैंक के 60.72 प्रतिशत शेयर फेयरफैक्स फाइनेंशियल होल्डिंग्स, कनाडा को बेचने की मंजूरी देने वाले केन्द्रीय मंत्रिमंडल के फेसले का कड़ा विरोध करती है।

पार्टी जिला सचिव कामरेड ओमप्रकाश ने कहा कि भारत के रिजर्व बैंक की दिशा निर्देशों का खुला उल्लंघन है, जो विदेशी इकाइयों को भारतीय बैंकों में 26 प्रतिशत से ज्यादा मताधिकार रखने से रोकती हैं। फेयरफैक्स के पास पहले से ही कैथोलिक सीरियन बैंक में 40 प्रतिशत शेयर हैं। आईडीबीआई जो पिछले पांच सालों से लगातार भारी नुकसान झेल रहा था, सरकार के कहने पर एलआईसी के 51 प्रतिशत शेयर खरीदने के बाद अब मुनाफा कमा रहा है। उन्होंने कहा कि इससे भी ज्यादा शक की बात ये है कि फेयरफैक्स की मदद करने के लिए आईडीबीआई के शेयरों की कीमतें पहले के मूल्यांकन से नीचे ला दी गई हैं।

मनोज महतानी बने बीकेपीएम के प्रधान

■ कोषाध्यक्ष ईश महता ने वर्ष 2025-26 की आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



चिरंजीवी कालोनी स्थित ईश्वर देवी बीकेपीएम कम्युनिटी सेंन्टर में वार्षिक आम सभा के प्रधान एडवोकेट अविनाश सरदाना की अध्यक्षता में हुई। मंच का संचालन महासचिव अमित महतानी ने किया। कोषाध्यक्ष ईश महता ने वर्ष 2025-26 की आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया, जो निर्विरोध पारित हुआ। प्रधान एडवोकेट अविनाश सरदाना ने राधा कृष्ण चावला को चुनाव अधिकारी नियुक्त कर कार्यकारिणी को भंग किया और प्रधान पद का चुनाव करवाने का आह्वान किया। इस दौरान मनोज महतानी का नाम प्रस्तावित होने और अनुमोदित होने पर किसी भी सदस्य ने विरोध नहीं किया और चुनाव अधिकारी राधा कृष्ण चावला ने मनोज महतानी को प्रधान घोषित किया। सभी सदस्यों ने नवनियुक्त प्रधान का स्वागत किया। नवनियुक्त प्रधान मनोज महजानी ने विश्वास दिलाया कि वे सभी के सहयोग से संस्था को उच्च शिखर पर ले जाने का प्रयास करेंगे।

परमजीत कौर की एडीए पद पर नियुक्ति

बहल। परमजीत कौर ने वर्ष 2020-2022 के दौरान महाविद्यालय से एलएलएम की पढ़ाई की थी। उन्होंने मेहनत, लगन और निरंतर अध्ययन के



बल पर यह सफलता हासिल की। उनकी उपलब्धि से महाविद्यालय के विद्यार्थियों को भी कानून के क्षेत्र में आगे बढ़ने और अपने लक्ष्य हासिल करने की प्रेरणा मिलेगी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार शुक्ला ने परमजीत कौर को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थी की सफलता किसी भी शिक्षण संस्थान के लिए गर्व का विषय होती है। परमजीत कौर ने अपनी मेहनत और समर्पण से यह मुकाम हासिल किया है। उनकी सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी। महाविद्यालय प्रशासन और स्टाफ सदस्यों ने परमजीत कौर के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास जताया कि वह एडीए के पद पर ईमानदारी, निष्ठा और कर्तव्यपरायणता के साथ अपनी जिम्मेदारियां निभाएंगी तथा न्याय व्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देंगी।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार शुक्ला ने दी बधाई

अग्रोहा धाम मेले में पहुंचा दादरी से श्रद्धालुओं का जत्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी



अग्रोहा धाम में शरद पूर्णिमा पर आयोजित राष्ट्रीय वार्षिक मेले में दादरी से अग्रवाल सभा के पदाधिकारियों, सदस्यों व अग्रबंधुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने महाराजा अग्रसेन के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने एवं समाज की एकता को मजबूत करने का संदेश दिया।

अग्रवाल सभा के प्रवक्ता डॉ. ललित महाजन ने बताया कि अग्रोहा धाम वैश्य समाज की ऐतिहासिक, धार्मिक व सांस्कृतिक पहचान का प्रमुख केंद्र है। मेले में देश-विदेश से श्रद्धालुओं, समाजसेवियों, व्यापारियों और गणमान्य लोगों ने भागीदारी की। कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल कवीन्द्र गुप्ता, हरियाणा के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल, पंजाब के कैबिनेट मंत्री बिजेंद्र गोयल, पूर्व राज्यसभा सांसद सुभाष चंद्रा और अग्रोहा विकास ट्रस्ट के अध्यक्ष बजरंग दास गर्ग सहित अनेक हस्तियां शामिल हुईं। सभा प्रधान कैलाश चंद रिटोलिया और महासचिव विष्णु गोयल ने कहा कि महाराजा अग्रसेन ने समानता, परोपकार, सहयोग और भाईचारे का संदेश दिया। उनके विचार आज भी समाज को एकजुट होकर शिक्षा, चिकित्सा, व्यापार, उद्योग और जनसेवा के क्षेत्र में कार्य करने की प्रेरणा देते हैं।

सभा के उपप्रधान सतीश बजाज और कोषाध्यक्ष सुनील मित्तल ने कहा कि समाज की सेवा भावना को आगे बढ़ाते हुए जरूरतमंदों की सहायता और सामाजिक उत्थान के लिए सामूहिक प्रयास करने चाहिए। इस अवसर पर अधिवक्ता दिनेश गर्ग, राजकुमार मित्तल, नरेश सांपला, अंकित गुप्ता, मुकेश आदमपुरिया, गौरीशंकर सिंघल, विनोद गुप्ता, रितु गोयल, सरोज गर्ग, सुनीता आदमपुरिया व मधु गर्ग आदि मौजूद रहे।

जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक आज, डॉ. अरविंद शर्मा सुनेंगे परिवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक मंगलवार 27 अक्टूबर को दोपहर 3:30 बजे लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित होगी। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश के सहकारिता, जेल एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा करेंगे।

बैठक में आमजन की समस्याओं से संबंधित 12 परिवाद सुनवाई के लिए रखे जाएंगे। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि बैठक के एजेंडे में तीन पुराने और नौ नए परिवाद शामिल हैं। बैठक के दौरान संबंधित मामलों पर सुनवाई कर समस्याओं के समाधान की दिशा में कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे निर्धारित समय और स्थान पर बैठक में उपस्थित रहना सुनिश्चित करें। परिवादों से जुड़े मामलों में संबंधित विभागों के अधिकारियों की मौजूदगी आवश्यक रहेगी, ताकि शिकायतों पर उचित कार्रवाई की जा सके और समस्याओं के निस्तारण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा सके।

पुराने पेड़ों की होगा संरक्षक, जोहड़ के किनारे लगवाए जाएंगे छायादार पेड़

दो करोड़ रुपये में साफ सुथरे होंगे बवानीखेड़ा के जोहड़

■ तीर्थ जोहड़, डुंडवा जोहड़, दादी गौरी तथा सुदी तालाब की होगी खुदवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बवानीखेड़ा



कस्बे की सभी विरासतों को संजोए रखने का प्रयासः सुंदर अत्री

नपा चेयरमैन सुंदर अत्री ने बताया कि कस्बे की सभी विरासतों को संजोए रखने का प्रयास किया जा रहा है। ताकि पूर्वजों द्वारा विरासत में छोड़ी गई धरोहर को सही सलाम रखा जा सके। इसी क्रम में कस्बे के चार जोहड़ों की खुदाई का कार्य करवाया जाएगा। खुदाई के कार्य के टेंडर जारी कर दिए हैं। जल्द ही इनकी खुदाई का कार्य शुरू हो जाएगा। साथ ही कस्बे के बड़े जोहड़ की भी खुदाई की प्रस्तावित योजना तैयार की है। उसकी सारी कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद उसकी खुदाई का भी कार्य शुरू होगा। उन्होंने बताया कि जोहड़ों से निकलने वाली मिट्टी को जोहड़ के किनारों पर ही लगाया जाएगा। उस मिट्टी से पुराने पेड़ों की जड़ों को ढका जाएगा और नए छायादार पौधे लगाकर हरियाली को बढ़ाया जाएगा। इन जोहड़ों की खुदाई होने से बारिश के पानी से होने वाली समस्या से छुटकारा मिल जाएगा और कस्बे की सुंदरता भी बढ जाएगी।

अब बवानीखेड़ा कस्बे के तालाबों के दिन फिरने वाले हैं। बवानीखेड़ा नपा ने अब कस्बे के चार जोहड़ों की सफाई, खुदाई करवाने का खाका तैयार किया है। जिस पर करीब दो करोड़ की लागत आएगी।

नपा ने उक्त चारों जोहड़ों की खुदाई व सौंदर्यकरण का टेंडर भी जारी कर दिया। अगर कोई तकनीकी अड़चन नहीं आई तो जल्द ही बवानीखेड़ा के जोहड़ों की खुदाई का कार्य शुरू हो जाएगी। उसके बाद बवानीखेड़ा व आसपास के इलाकों में जलभराव की समस्या से छुटकारा मिल जाएगा। चूंकि बीते साल बवानीखेड़ा कस्बे के अनेक जगहों पर जलभराव की स्थिति बन गई थी। अब जोहड़ों की खुदाई का कार्य शुरू होने के बाद अगले साल बारिश के सीजन में कस्बे के लोगों को इस समस्या से छुटकारा मिल सकेगा। उल्लेखनीय है कि बवानीखेड़ा के जोहड़ों की पिछले कई वर्षों से सफाई नहीं हो पाई है। जिस वजह से इन जोहड़ों में ज्यादा पानी का स्टॉक नहीं हो पाता था। जिस वजह से वर्ष 25 में आई तेज बारिश की वजह से कस्बे की अधिकांश बस्तियां जलमग्न हो गई थी। अब नपा ने इन जोहड़ों को खुदवाने का बीड़ा उठाया है। जिन जोहड़ों की खुदाई करवाई जानी है। उनमें तीर्थ जोहड़,डुंडवा जोहड़, दादी गौरी तथा सुदी तालाब शामिल है। इनके अलावा कस्बे का सबसे पुराना बड़ा जोहड़ की भी जल्द खुदाई का कार्य करवाया जाएगा। इसकी खुदाई का खाका तैयार किया जा रहा है। कागजी कार्रवाई पूरी होते ही बडे जोहड़ की भी खुदाई के टेंडर जारी कर दिए जाएंगे।

21 ग्राम हेरोइन बरामदगी के मामले में सप्लायर को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

पुलिस की सीआईए स्टाफ प्रथम भिवानी की टीम ने हेरोइन बरामदगी के मामले में सप्लायर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस टीम द्वारा आरोपी हरीश पुत्र सुभाष, निवासी मुल्तानी चौक, हिसार, हाल निवासी नायक धर्मशाला के नजदीक, सिवानी को गिरफ्तार किया गया था।

पुलिस टीम ने आरोपी के कब्जे से 21 ग्राम मादक पदार्थ हेरोइन बरामद की थी। इस संबंध में आरोपी हरीश के विरुद्ध थाना सिवानी में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई गई थी। पुलिस द्वारा पूछताछ के दौरान आरोपी हरीश ने खुलासा किया था कि वह उक्त मादक पदार्थ हेरोइन सुरेंद्र से खरीदकर लाया था। मामले में आगामी कार्रवाई करते हुए 25 अक्तूबर को सीआईए स्टाफ प्रथम भिवानी की टीम ने आरोपी सुरेंद्र को इंद्रप्रस्थ कॉलोनी, हिसार से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुरेंद्र पुत्र प्रीतपाल, निवासी पीरांवाली, जिला हिसार के रूप में हुई है। पूछताछ के दौरान आरोपी सुरेंद्र ने बताया कि उसने मादक पदार्थ हेरोइन हरीश को बेची थी।

छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा और मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
haribhoomi.com
हरिभूमि
रोहतक, मंगलवार
27 अक्टूबर 2026
10
सहेली
विशेष
करवा चौथ
29 अक्टूबर



प्रगतिशील भाव संग परंपरा के प्यारे रंग

पति के मंगलमय जीवन के लिए मनाया जाने वाला पर्व करवा चौथ, अब अपने परंपरागत रूप से उबर कर मनाया जाने लगा है। अब पत्नी ही निराजल व्रत नहीं रहती, पति भी अपनी पत्नी के सुखी जीवन के लिए व्रत रखते हैं, साझा दायित्व निभाने का संकल्प करते हैं। जीवनसाथी का यह प्रगतिशील भाव सिर्फ दांपत्य जीवन को ही नहीं, संपूर्ण परिवार को खुशहाल बना रहा है।



आवरण कथा
डॉ. मोनिका शर्मा

हालिया बरसों में परंपरागत पर्वों को मनाने का अंदाज पूरी तरह बदल गया है। रीति-रिवाज का स्वरूप तो पुराना ही है, लेकिन निभाने के तौर-तरीके नए हैं। शादीशुदा जिंदगी में जीवनसाथी की भावनाओं को एक-दूजे से जोड़ने वाला करवा चौथ का व्रत भी अब नए अंदाज में मनाया जाने लगा है। यह बदलाव पति-पत्नी के जुड़ाव को और मजबूती देने वाला है। साथ व्रत करने, उपहार देने और औपचारिकताओं से दूर घर-परिवार से जुड़ने का यह अंदाज प्रेम और परवाह दोनों को लिए है। परंपरा के रंग और प्रगतिशील भाव-चाव मिलकर उत्सवी सहजता और स्नेह को पोसने का काम कर रहे हैं।

उपवास से जुड़ी साझी अनुभूतियां

आज युवा जोड़े, करवा चौथ के पर्व को जज्बाती समझ के साथ मनाते दिखते हैं। पत्नियों के साथ पति अब भी व्रत रखते हैं। थोड़ा समय निकाल कर जीवनसंगिनी की मान-मनुहार करते हैं। यही कारण है कि समय के साथ रीति-रिवाज और परंपराओं में आए बदलाव ने जीवनसाथी की कुशलकामना के भाव को और गहरा कर दिया है। सही मायने में देखा जाए तो रिश्तों में आए खुलेपन की सोच ने इस जुड़ाव को और बल दिया है। इसी सहजता के कारण करवा चौथ जैसे त्योहारों को मनाना महिलाओं को भी बंधन नहीं बल्कि उत्सव-सा लगता है। खासकर युवतियां इस नए रंग-ढंग से बहुत खुश हैं। पति का इन परंपराओं के निर्वहन में भागीदार बनना भी प्यारा-सा पहलू है। कभी लोक परंपरा को निभाने के लिए मनाया जाने वाला करवा चौथ का व्रत आज पति और पत्नी दोनों के लिए स्नेह को व्यक्त करने का पर्याय बन गया है। ऐसे में इस व्रत से जुड़े अनुष्ठान का परंपराओं के खांचे से निकलकर सहज-सरल बनना बेहद सुखद है।





जिम्मेदारियों का साझा निर्वहन

जज्बातों को समझने वाला जीवनसाथी जब जिम्मेदारियां भी बांटने लगे, तो कुशल कामना के भाव बहुत आत्मीय होते हैं। आस्था का आधार इन भावनाओं को और पावन बनाता है। यह वाकई एक बड़ा बदलाव है कि पति और पत्नी दोनों ही अपने जीवनसाथी को शक्ति स्तंभ, दोस्त और सलाहकार समझने लगे हैं। इसी समझ में आपसी सम्मान के भाव को भी बढ़ाया है। पति-पत्नी का साथ जीवन भर का साथ होता है। इस जुड़ाव में खुशियां ही नहीं बांटीं जातीं, जिम्मेदारियों के साझे निर्वहन की सोच भी होनी चाहिए। पहले व्रत, उत्सव पर भी घर के काम-काज का दायित्व केवल महिलाओं के हिस्से ही आता था। अब ऐसे पर्व-त्योहारों पर घर के पुरुष भी काम में हाथ बंटाते हैं। युवा अपनी काम-काजी जीवनसंगिनी के थकाने वाले शेड्यूल को समझते हैं। इसके चलते संबंधों में आ रही समानता की यह सोच वास्तविक धरातल पर भी दिखने लगी है। यही वजह है कि करवा चौथ जैसे पारंपरिक त्योहार में स्नेह के साथ आपसी समझ भी नजर आती है।

मन का उत्सव

गांवों से लेकर शहरों तक अब भी इस सुहाग पर्व को महिलाएं बहुत उत्साह और मनोयोग से मनाती हैं। हर परंपरा को पूरे दिल से निभाती हैं। नव-विवाहिता बहू-बेटियों का सहज-स्नेह के साथ रीति-रिवाज से परिचय कराती हैं। उल्लास और उमंग के साथ मनाया जाने वाला यह पारंपरिक पर्व, सही मायने में स्त्रीत्व का उत्सव है। वैवाहिक जीवन में संबंधों से मिला स्नेह-समझ का भाव इस उल्लास को और खुलकर जीने का मौका देता है। आज की भागम-भाग भरी जिंदगी में करवा चौथ का व्रत भावनाओं को साझा करने का सुंदर अवसर-सा है। पति-पत्नी के बीच सामंजस्य और परिपक्वता को बढ़ावा देने वाला यह भावपूर्ण और खूबसूरत त्योहार बहुत से दंपतियों का पसंदीदा पर्व है। असल में इन छोटे-छोटे कई सकारात्मक बदलावों से घर-परिवार में रिश्तों को लेकर नई समझ को स्थान मिल रहा है। जो औपचारिकताओं से परे अपनेपन से सिंचित वैवाहिक जीवन का मजबूत आधार बन रहे हैं। इसीलिए कह सकते हैं कि करवा चौथ पति-पत्नी के दिल से जुड़ा उत्सव है। जिसे दोनों पूरे मन से मनाते हैं। इससे दोनों को खुशी महसूस होती है।

परिवार की कुशलकामना

पति के दीर्घायु की कामना से जुड़ा करवा चौथ का व्रत पारिवारिक मोर्चे पर शुभता चाहने से भी जुड़ा है। दंपतियों के रिश्ते की खुशहाली पूरे परिवार की सुख-शांति से जुड़ी होती है। ऐसे में परिवार और रिश्तों की बेहतरी का भाव लिए यह पर्व पूरे समाज को आपसी जुड़ाव का संदेश देता है। मिलकर कथा सुनतीं, मेहंदी लगातीं, सजती-संवरती, बड़ों से आशीष लेती महिलाएं पर्वों के माध्यम से समाज जोड़ने का ही सुंदर पुल बनाती हैं।

दांपत्य जीवन में भरें प्यार के रंग

मंगलमय दांपत्य जीवन के लिए मनाए जाने वाले पर्व करवा चौथ के दिन सिर्फ पूजा आराधना ही नहीं हो, पति-पत्नी कुछ ऐसी बातें भी अमल में लाएं,जो उनके जीवन में मधुरता घोले, प्रगाढ़ बनाए। इसके लिए दंपतियों को कुछ बातें अमल में लानी होंगी।

सलाह
प्रतिभा अग्निहोत्री



करवा चौथ का पर्व सिर्फ पति की लंबी उम्र के लिए रखा जाने वाला व्रत ही नहीं है, बल्कि यह पति-पत्नी के रिश्ते में आपसी समझ को और अधिक गहरा करने का अवसर भी है। अपने दांपत्य जीवन में प्रेम के खूबसूरत रंग भरकर और अधिक प्रगाढ़ कैसे बनाएं, जानें।

दांपत्य जीवन में संतुलन बनाए रखने का संकल्पः पति-पत्नी एक ही गाड़ी के दो पहिए हैं, अगर ये जीवन रूपी पथ पर साथ-साथ संतुलन बनाकर नहीं चलेंगे, तो दांपत्य की गाड़ी डगमगाकर पलट जाएगी। इसलिए परस्पर समझदारी से इसके संतुलन को बनाए रखना बेहद जरूरी है। दो व्यक्तियों के विचारों, स्वभाव और रुचियों में मतभेद होना स्वाभाविक है, लेकिन हमेशा ध्यान रखें कि ये मतभेद कभी मनभेद न बनने पाएं। दूसरे को पूरी तरह बदलने के स्थान पर जब पति-पत्नी दोनों ही खुद को बदलने का प्रयास करते हैं, तो गृहस्थी में संतुलन बना रहता है, दांपत्य की गाड़ी बेहद स्थिरता से जीवन पथ पर निर्बाध दौड़ती है। इस करवा चौथ पर पति-पत्नी दोनों ही बहुत प्यार से संकल्प लें कि वे अपने दांपत्य जीवन की गाड़ी का संतुलन कभी बिगड़ने नहीं देंगे। घर-परिवार से जुड़े निर्णय परस्पर सहयोग और समझदारी से लेंगे।



बिताएं एक-दूसरे के साथ प्यार भरे पलः करवा चौथ पर ऑफिस से छुट्टी लेकर एक-दूसरे को भरपूर समय दें। मोबाइल फोन से दूरी बनाकर एक साथ कुछ मीठे पल बिताएं, कुछ अपनी कहें और कुछ दूसरे की सुनें। साथ-साथ बिताए गए कॉलेज टाइम के समय को याद करें। अगर आपके पास एक-दूसरे के कुछ पुराने पत्र या फोटोग्राफ हैं, तो उन्हें निकालकर देखें और पढ़ें। इन पत्रों और फोटोग्राफ्स की भावनाएं आपको एक बार फिर एक-दूसरे के प्रति प्यार की ऊर्जा से भर देंगी।

इमोशंस को करें सेलिब्रेटः करवा चौथ के दिन एक-दूसरे के इमोशंस को भी सेलिब्रेट करें। अपने पार्टनर के प्रति उन सभी इमोशंस को व्यक्त करें, जो आप आज तक अपने पति से नहीं कह पाई हैं। आप इसके लिए कागज पर लिखकर या फिर मोबाइल फोन के टेक्सट मैसेज का सहारा ले सकती हैं। इस दिन एक-दूसरे की पसंद-नापसंद का विशेष ध्यान रखें। अगर पिछले दिनों किसी बात पर अनबन या बहस होने से आप दोनों एक-दूसरे से नाराज चल रहे हैं, तो इस दिन सारे मतभेद भूलकर करवा चौथ को सेलिब्रेट करें। एक यादगार दिन बिताएं।

भविष्य की योजनाएं बनाएंः आप किसी भी उम्र की हों, इस दिन बीते समय की कड़वीं यादों को भूलकर आगे आने वाले समय को और अधिक बेहतर बनाने का प्रयास करें। बच्चों की पढ़ाई, शादी, आर्थिक योजनाएं और रिटायरमेंट की प्लानिंग पर खुलकर बातचीत करें। बातचीत करते समय ध्यान रखें कि भले ही कितने भी मतभेद हों, आप इसे बहस और वाद-विवाद तक न पहुंचने दें। दूर की सोचकर अपनी योजनाएं बनाएं और सुखद भविष्य की राह बनाएं।

खामियां नहीं खूबियां गिनेंः पति-पत्नी दोनों ही करवा चौथ के दिन एक-दूसरे की कमियां देखने के स्थान पर खूबियां गिनें। जब आप एक-दूसरे की खूबियां गिनना शुरू करेंगी, तो उनका उजला पक्ष आपके सामने होगा, सारी खामियां स्वतः धूमिल हो जाएंगी। एक-दूसरे की खूबियों की तारीफ से, प्यार को महसूस करने से करवा चौथ पर आपका दांपत्य जीवन फूलों सा खिल उठेगा, जिसकी महक से पति-पत्नी दोनों को एक अलग तरह की खुशी मिलेगी।

सरप्राइज प्लान करें: करवा चौथ के दिन को यादगार बनाने के लिए एक-दूसरे के लिए कुछ सरप्राइज प्लान करें। जरूरी नहीं है कि आप कोई महंगा गिफ्ट ही खरीदें, एक छोटा-सा बुके, पेन, ब्रांडेड पर्स, सूट या साड़ी भी आपकी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए काफी हो सकता है।

करवा चौथ के दिन पत्नियां अपने पति के मंगलमय जीवन के लिए निर्जला व्रत रखती हैं। मनोविज्ञानी अध्ययन बताते हैं कि उपवास से सकारात्मक भावनाएं जन्म लेती हैं, इससे पति-पत्नी के बीच आपसी जुड़ाव और समर्पण बढ़ता है, जिससे मानसिक स्वास्थ्य बेहतर रहता है।

करवा चौथ उपवास में निहित कई गहरे मनोवैज्ञानिक पहलू

शोध
अंजू जैन



मनोविज्ञान में लॉ ऑफ अट्रैक्शन और 'प्रार्थना की शक्ति' पर कई शोध हुए हैं। करवा चौथ के दिन जब एक पत्नी पूरे मन से अपने पति की लंबी उम्र की कामना करती है, तो वह ब्रह्मांड में अत्यधिक शक्तिशाली सकारात्मक तरंगें भेजती है। किसी के लिए निरंतर शुभ सोचने से आपके मस्तिष्क से ऑक्सीटोसिन और एंडोर्फिन जैसे हैप्पी हार्मोंस रिलीज होते हैं। यह सकारात्मक माहौल पति के मानसिक तनाव को कम करता है। तनाव मुक्त रहने से हृदय रोग और उच्च रक्तचाप का खतरा कम होता है, जो सीधे तौर पर लंबी उम्र से जुड़ा है।

'ऑक्सीटोसिन' का स्राव और रिश्तों में जुड़ावः करवा चौथ के दिन पति-पत्नी के बीच का प्रेम और आकर्षण अपने चरम पर होता है। पति अपनी पत्नी को उपहार देता है, उसकी देखभाल करता है। पत्नी भी अपने पति के प्रति पूरी तरह समर्पित होती है। इस तरह के भावनात्मक जुड़ाव से शरीर में 'ऑक्सीटोसिन'(जिसे लव हार्मोन या बॉन्डिंग हार्मोन भी कहा जाता है) का स्तर तेजी से बढ़ता है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के एक शोध के अनुसार, जिन पुरुषों का वैवाहिक जीवन सुखी होता है, जिन्हें अपनी पत्नी का भरपूर स्नेह मिलता है, उनमें कार्डियोवैस्कुलर बीमारियों से मरने का खतरा 30 प्रतिशत तक कम हो जाता है।

सामूहिक अवचेतन की शक्तिः करवा चौथ के दिन महिलाएं एक साथ इकट्ठा होकर कथा सुनती हैं, पूजा करती हैं और थाली बंटाती हैं। मनोविज्ञान में इसे 'सामूहिक अवचेतन' या सामूहिक ऊर्जा कहा जाता है। जब सैकड़ों-हजारों लोग एक ही समय पर, एक ही उद्देश्य (पति की लंबी उम्र) के लिए एक जैसी सकारात्मक भावना के साथ इकट्ठा होते हैं, तो एक शक्तिशाली 'एनर्जी फील्ड' तैयार होता है। यह सामूहिक उत्सव महिलाओं के मानसिक तनाव को दूर करता है। एक खुशहाल और तनावमुक्त पत्नी ही एक पुरुष को घर में शांतिपूर्ण माहौल दे सकती है।

कृतज्ञता की भावनाः करवा चौथ का त्योहार मूल रूप से एक-दूसरे के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का दिन है। पत्नी-पति की सुरक्षा के लिए व्रत करती है और पति-पत्नी के इस त्याग का सम्मान करते हुए उसे उपहार और जीवन भर साथ निभाने का वचन देता है 'जर्नल ऑफ पर्सनालिटी एंड सोशल साइकोलॉजी' में प्रकाशित एक शोध के अनुसार, जो जोड़े एक-दूसरे के प्रति नियमित रूप से कृतज्ञता व्यक्त करते हैं, उनका रिश्ता अधिक टिकाऊ और मजबूत होता है।

सहानुभूति और पारस्परिक समझः करवा चौथ केवल एक दिन की रस्म नहीं है, बल्कि यह आने वाले पूरे साल के लिए आपसी समझ की नींव रखता है। आधुनिक युग में कई पति भी अपनी पत्नियों के साथ इस व्रत को रखते हैं। जब दो लोग एक साथ किसी कठिन लक्ष्य (जैसे उपवास) को साझा करते हैं, तो उनके बीच सहानुभूति और 'मिररिंग इफेक्ट' पैदा होता है। यह साझा प्रयास आपसी मतभेदों और झगड़ों को समाप्त करता है।

चंद्र दर्शन और मानसिक शांतिः करवा चौथ के व्रत का समापन रात में चंद्रमा को अर्घ्य देकर और छलनी से पति का चेहरा देखकर होता है। यह पूरी प्रक्रिया प्रकृति से सीधे जुड़ाव को दर्शाती है। चंद्रमा की किरणें शीतलता और शांति का प्रतीक हैं। रात के समय खुले आसमान के नीचे प्रकृति के संपर्क में आने से मन शांत होता है। छलनी के माध्यम से देखना और दीप जलाना एकाग्रता को बढ़ाता है, जिससे पति-पत्नी दोनों का तंत्रिका तंत्र शांत और संतुलित होता है।

मेकअप
निधि गोयल

मेकअप करें ऐसा दमके चांद सा चेहरा

करवा चौथ के खास अवसर पर हर महिला चाहती है कि उसका लुक सबसे खूबसूरत नजर आए। इसके लिए परफेक्ट आउटफिट से लेकर मेकअप तक, हर बात मायने रखती है। मेकअप को आकर्षक और लंबे समय तक बरकरार रखने के लिए कुछ बातों का ध्यान रखना होगा।

स्किन बेस करें तैयारः चेहरे को माइल्ड फेस वॉश से साफ करने के बाद हल्का मॉयश्चराइजर लगाएं। अगर दिन में बाहर जाना है, तो सनस्क्रीन लगाना न भूलें। इसके बाद कुछ मिनट स्किन को सेट होने दें।

प्राइमर को न करें इग्नोरः मेकअप को लंबे समय तक टिकाए रखने में प्राइमर काफी मददगार हो सकता है। इसे खासतौर पर टी-जोन, नाक और उन हिस्सों पर लगाएं, जहां त्वचा जल्दी ऑयली हो जाती है। बहुत ज्यादा प्राइमर लगाने के बजाय इसकी पतली लेयर लगाएं। इससे मेकअप सही तरह से टिका रहता है।



बेस न हो ज्यादा हैवीः त्योहार के दिन हैवी बेस लगाने के बजाय ऐसा फाउंडेशन चुनें, जो आपकी स्किन टोन से मैच करता हो। इसे स्पंज या ब्रश की मदद से अच्छी तरह ब्लेंड करें। जहां ज्यादा कवरेज की जरूरत हो, वहां कंसीलर का इस्तेमाल करें। बहुत मोटी लेयर लगाने से कुछ घंटों बाद बेस क्रैक या पैची दिखाई दे सकता है। इसलिए जरूरी है कि हल्की और पतली लेयर लगाएं।

पावडर से करें मेकअप सेटः फाउंडेशन और कंसीलर लगाने के बाद हल्के ट्रांसलूसेंट पावडर से मेकअप को सेट करें। खासकर नाक, माथे और ठुड्डी जैसे ऑयली हिस्सों पर ध्यान दें। इससे एक्स्ट्रा ऑयल को कंट्रोल करने में मदद मिल सकती है।

स्मज-प्रूफ आई मेकअपः आप जब चेहरे पर बेस बना लें, तो उसके बाद आई मेकअप करें। लंबे समय तक आई मेकअप को मेंटेन करने के लिए वॉटरप्रूफ या लॉन्ग-वियर आईलाइनर और मस्कारा चुनें। आई शैडो लगाने से पहले आई प्राइमर या थोड़ी-सी कंसीलर की पतली लेयर इस्तेमाल की जा सकती है। इससे आई-शैडो को बेहतर बेस मिल सकता है।

लॉन्ग-लास्टिंग लिपस्टिकः लिपस्टिक लगाने से पहले होंठों को मॉयश्चराइज करें। इसके बाद लिप लाइनर से होंठों को आउटलाइन करके उसी से हल्का फिल करें और फिर लिपस्टिक लगाएं। लंबे समय तक टिके रहने के लिए मैट या लॉन्ग-वियर फॉर्मूला चुन सकती हैं।

मेकअप सेटिंग स्प्रेः अंत में मेकअप होने के बाद मेकअप सेटिंग स्प्रे करें। इसे चेहरे से थोड़ी दूरी पर रखकर लगाएं और फिर मेकअप को अपने आप सूखने दें। इससे मेकअप लंबे समय तक टिका रहेगा, आपका रूप दमकता रहेगा।

(मेकअप एक्सपर्ट साधना शर्मा से बातचीत पर आधारित)

डाइट सजेशन
रितिका समादार
चीफ डाइटीशियन
मैक्स हॉस्पिटल, दिल्ली

करवा चौथः ऐसी हो आपकी सरगी

करवा चौथ के दिन सुबह व्रत से पूर्व खाई जाने वाली सरगी हेल्थ के लिए बहुत मायने रखती है। इसलिए आपको पता होना चाहिए कि सरगी में आप क्या खा सकती हैं और किसे अवॉयड करना चाहिए?

आने वाले गुरुवार को आप करवा चौथ व्रत रखेंगी। आपने पूरे उत्साह के साथ इसकी तैयारी शुरू कर दी होगी। इसके साथ ही आपको अपने खान-पान का भी ध्यान रखना चाहिए। खासतौर पर सरगी में आपको क्या लेना चाहिए, इस बारे में जानिए। करवा चौथ में सूर्योदय चंद्रोदय तक लगभग 15 घंटे का निर्जल उपवास होता है। व्रत वाले दिन सूर्योदय से पहले यानी सुबह 4-5 बजे सरगी खाने की परंपरा है। इस लंबे उपवास से पहले खाया जाने वाला भोजन बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। इससे न केवल पूरे दिन कार्यों को करने की एनर्जी मिलती है, बल्कि डिहाइड्रेशन, एसिडिटी और थकान से भी बचाव होता है।

पर्याप्त तरल पदार्थः इस व्रत में सुबह से रात में चांद निकलने तक पानी पीना भी मना होता है, इसलिए सरगी के समय सादा पानी, नीबू पानी और नारियल पानी का सेवन करें। इससे आपका शरीर हाइड्रेट रहेगा और गला सूखने की समस्या नहीं होगी। लस्सी, छाछ या दूध का भी एक ग्लास ले सकती हैं।



लो डाइजेस्टिव कार्ब-प्रोटीनः सरगी में ऐसे कार्बोहाइड्रेट और प्रोटीन से जुड़ी चीजों का सेवन करना चाहिए, जिनका पाचन धीमी गति से होता है। ऐसा करना इसलिए जरूरी है कि इससे अगले दिन भी आपका पेट भरा हुआ महसूस होगा और भूख नहीं लगेगी। इसके लिए ड्राई फ्रूट्स या नट्स के साथ बना हुआ दलिया, खीर या सिंवईं बेहतर विकल्प हैं। इसके अलावा कम ऑयल में बना हुआ पनीर का परांठा भी आपको भरपूर एनर्जी देगा। ऐसी चीजों के सेवन से आपके शरीर को पर्याप्त मात्रा में कार्बोहाइड्रेट, कैल्शियम और प्रोटीन का पोषण मिल जाएगा।

फलों का सेवनः सेब, पपीता, अनार, संतरा और तरबूज जैसे फल नेचुरल शुगर, फाइबर और विटमिन से भरपूर होते हैं। इनके सेवन से शरीर में पानी की कमी भी दूर होती है। केला पोटेशियम से भरपूर होता है, जो शरीर में इलेक्ट्रोलाइट का संतुलन बनाए रखता है। अनार, आयरन और एंटीऑक्सीडेंट तत्वों से भरपूर होता है। निर्जला व्रत से पहले सरगी में फलों का सेवन करने से अगले दिन शरीर में पानी की कमी महसूस नहीं होती।

डेयरी प्रोडक्ट्सः दूध, दही, पनीर, लस्सी और छाछ भी कैल्शियम और प्रोटीन के बहुत अच्छे स्रोत हैं। दही में मौजूद प्रोबायोटिक तत्व पाचन तंत्र को दुरुस्त रखते हैं और इससे पेट में ठंडक बनी रहती है। चाहें तो नट्स के साथ दही का भी सेवन कर सकती हैं। अगर आप वीगन डाइट लेना चाहती हैं, तो नारियल या बादाम के दूध का सेवन कर सकती हैं।

क्या न करें: बहुत ज्यादा मीठी डिशेज का सेवन करने से शरीर में इंसुलिन की मात्रा बढ़ जाती है और इससे ज्यादा भूख लगती है। तेज नमक वाली चीजें खाने से बचें, इससे डिहाइड्रेशन की समस्या होती है और ज्यादा प्यास लगती है। जहां तक संभव हो चाय-कॉफी से दूर रहें या इनका सेवन बहुत सीमित मात्रा में करें। इनके ज्यादा सेवन से गैस और एसिडिटी की समस्या हो सकती है। ज्यादा घी, तेल या मिर्च मसाले वाली चीजों से भी दूर रहें, इससे अगले दिन पेट में भारीपन और पाचनतंत्र से सबंधी समस्या हो सकती है। अगर आप इन छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखेंगी, तो व्रत के दौरान कोई समस्या नहीं होगी।

प्रस्तुतिः विनीता

खबर संक्षेप

महापुराण की कथा के चौथे दिन दिव्य प्रसंगों से सजे कथा के सत्र

भिवानी। दीपावली पर्व के पावन उपलक्ष्य पर जीतू वाला जोहड़ के समीप स्थित श्रद्धा व आस्था के केंद्र सिद्ध पीठ काली देवी शिव मंदिर में श्रीमद् देवी भागवत महापुराण का आयोजन हो रहा है। आयोजकों में शामिल रमेश शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर कृष्णा कॉलोनी गोगामेडी से महंत महेंद्र नाथ, बृजवासी कॉलोनी मंदिर से महंत हनुमान व किरोड़ी बाबा मुख्य तौर पर पहुंचे। श्रीमद् देवी भागवत महापुराण के चौथे दिन कथा व्यास पंडित बृजमोहन कौशिक ने चौथे स्कंध के विभिन्न दिव्य प्रसंगों का सुंदर एवं विस्तृत वर्णन किया।

असली मालिकों के नाम पीआईडी की होगी वापसी : कपूर वाल्मीकि

बवानीखेड़ा की 272 मकानों की प्रोपर्टी आईडी 'पीआईडी' का स्थानांतरण नहीं हुआ वापस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

बवानीखेड़ा शहर में 272 मकानों की पीआईडी ''प्रॉपर्टी आईडी'' को वक्फ बोर्ड के नाम दर्ज करने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। एक तरफ पीआईडी तबदीली को लेकर पीआईडी मालिकों का दिन का चैन और रातों नींदें पिछले काफी समय से खराब हो चुकी हैं वहीं बताया जाता है कि एकाध लोग राजनीति में इस मामले को डालकर वाहवाही बटोरने का काम करते हुए देखे जा रहे हैं। इस मामले को लेकर नपा प्रधान सुंदर अत्री ने भी हाईकमान के संज्ञान में मामले को लेकर अवगत करवाया था। इस मुद्दे पर विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने मोर्चा संभालते हुए कहा कि पीड़ितों को घबराने की जरूरत नहीं है। जल्द ही वक्फ बोर्ड की बजाय असली मकान मालिकों के नाम पर पीआईडी वापस कर दी जाएगी। विधायक ने बताया कि उन्होंने इस गंभीर मुद्दे को लेकर 6 महीने पहले ही मुख्यमंत्री से मिलकर पूरा मामला रेवेन्यू विभाग को भिजवा दिया था। उन्होंने कहा, मैं शुरू से ही इस मामले में सक्रिय हूं। गरीबों के घर उजड़ने नहीं दूंगा। सरकार की मंशा साफ है कि आम आदमी का हक उसे मिले।

जल्द ही वक्फ बोर्ड की बजाय असली मकान मालिकों के नाम पर पीआईडी वापस कर दी जाएगी, सरकार की मंशा साफ है कि आम आदमी का हक उसे मिले।

स्पेशल बुलाकर मांगा रिकार्ड, दिया था आश्वास

विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने कहा कि जब पीआईडी मामले को लेकर लोग उनसे मिले थे तब उन्होने उनसे स्वयं उनकी संपत्ति का रिकार्ड लेकर रुचि दिखाई और आश्वासन दिया था कि वे मुख्यमंत्री से मिलकर उनकी समस्या का समाधान शत-प्रतिशत करवाने का काम करेंगे और उन्हें ऐसा ही किया। विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने बिना नाम लिए पार्टी में होते हुए लेकिन अंदरूनी बगावत करने वालों पर हमला करते हुए कहा, कुछ लोग सिर्फ राजनीति खेलकर क्रेडिट लेने की होड़ में रहते हैं। धरातल पर काम कुछ नहीं करते। विधायक का सपना संजोए बैठे ऐसे व्यक्ति पर उन्होंने निशाना कसते हुए कहा कि वे इस मामले में मुख्यमंत्री से कई मर्तबा मिले और संबंधित अधिकारियों से मीटिंग भी की और काम का पूरा आश्वासन मिला। जो काम मैंने 6 महीने पहले कर दिया, आज वही लोग श्रेय लेने के लिए आगे आ रहे हैं। कुछ लोग राजनीतिक रोटियां सेकने का काम करते हैं, जनता सब समझती है। ऐसे लोग कभी सफल नहीं हो सकते।

रेवेन्यू विभाग किसी भी क्षण कर सकता है काम : विधायक



विधायक कपूर वाल्मीकि का फाइल फोटो।

विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने कहा कि उन्होंने आश्वासन दिया था कि रेवेन्यू विभाग से रिपोर्ट आने के बाद तुरंत कार्रवाई कर सभी 272 मकानों की पीआईडी को ठीक करवाया जाएगा और उन्हें उनके असली हकदारों को सौंपा जाएगा। अब सत्ता में रहते हुए इक्का-दुक्का लोगों को जब इसकी भनक लगने पश्चात वे इसका क्रेडिट अपने नाम करवाना चाहते हैं जबकि मुख्यमंत्री के पास सभी की रिपोर्ट रहती है। उन्होंने लोगों से कहा कि जल्द ही उन्हें तोहफा मिलेगा।



महंत चरणदास के नेतृत्व में श्रद्धालुओं ने शहर में नगर परिक्रमा निकाली

भिवानी

युवा जागृति एवं जनकल्याण मिशन ट्रस्ट तथा हनुमान जोहड़ी परिवार धाम के संयुक्त तत्वावधान में महर्षि वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित चार दिवसीय धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों की श्रृंखला के तीसरे दिन सोमवार को स्थानीय हनुमान ढाणी स्थित हनुमान जोहड़ी मंदिर परिसर में हवन का आयोजन किया गया। यह चार दिवसीय अनुष्ठान मंदिर के महंत बालयोगी चरणदास महाराज के सान्निध्य में संपन्न हो रहा है। वही इससे पूर्व अल सुबह बालयोगी महंत चरणदास महाराज के नेतृत्व में श्रद्धालुओं ने शहर में नगर परिक्रमा निकाली तथा शहर के सभी 12 दरवाजों व विभिन्न मंदिरों के दर्शन किए।

हवन के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए महंत बालयोगी चरणदास महाराज ने महर्षि वाल्मीकि के महान जीवन आदर्शों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि का जीवन हमें सत्य, तपस्या, और उच्च मानवीय मूल्यों का मार्ग दिखाता है। उनके द्वारा रचित रामायण केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि संपूर्ण मानव जाति के लिए एक आदर्श जीवन जीने की आचार संहिता है, जिसमें हर रिश्ते और कर्तव्य का संदेश निहित है। इसके साथ ही महंत बालयोगी चरणदास महाराज ने हवन के वैज्ञानिक और धार्मिक महत्व को भी विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि धार्मिक दृष्टिकोण से हवन नकारात्मक ऊर्जा का नाश करता है और सकारात्मकता का संचार करता है, जिससे आसपास का वातावरण शुद्ध और पवित्र बनता है। वहीं, वैज्ञानिक दृष्टिकोण से हवन में प्रयुक्त होने वाली सामग्रियां और औषधियां जब अग्नि के संपर्क में आती हैं, तो वे वायुमंडल को शुद्ध करती हैं तथा हानिकारक बैक्टीरिया और विषाक्त तत्वों को नष्ट करती हैं। यह प्रक्रिया शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक शांति दोनों के लिए अत्यंत लाभकारी है। आयोजन के चौथे और अंतिम दिन यानी 27 अक्तूबर को हनुमान जोहड़ी मंदिर में भगवान वाल्मीकि उद्यान का भूमि पूजन व हवन संपन्न होगा। इस अंतिम दिन के अनुष्ठान के उपरांत, मंदिर में पधारे सभी श्रद्धालुओं को महाप्रसाद वितरित किया जाएगा। इस अवसर पर अनेक श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

सम्मान समारोह को लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश

समारोह में शामिल होने वाले लोगों को न हो दिक्कत: सांसद

सांसद ने लिया सम्मान समारोह की तैयारियों का जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सांसद चौ. धर्मबीर सिंह ने सोमवार को भीम स्टेडियम का दौरा किया। उन्होंने यहां पर 30 अक्टूबर को एशियाई और पैराएशियाई खिलाड़ियों के सम्मान में आयोजित होने वाले प्रदेश स्तरीय समारोह की व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों से जानकारी ली और जरूरी निर्देश दिए। सांसद ने कहा कि यह समारोह अपने आप में एक यादगार होगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इस दौरान हरियाणा और पंजाब की लड़कियों के बीच कबड्डी का मैच मुख्य आकर्षण का केंद्र होगा।

स्टेडियम में निरीक्षण के दौरान सांसद धर्मबीर सिंह ने एसडीएम महेश कुमार और डीएमसी हरबीर सिंह से समारोह में मुख्य मंच और पंडाल की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि समारोह में शामिल होने वाले लोगों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। व्यवस्था इस प्रकार बनाई जाए कि दर्शक आसानी से हरियाणा और पंजाब की लड़िकयों के बीच कबड्डी का मैच देख सकें। इस मैच के दौरान दर्शकों का उत्साह देखने लायक होगा। समारोह की तैयारियों में किसी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए।



भिवानी। सम्मान समारोह की तैयारियों का जायजा लेते सांसद धर्मबीर सिंह। फोटो : हरिभूमि

उपयुक्त जगह पर प्रवेश मार्ग बनाए जाएं

सांसद ने कहा कि समारोह में आने वाले लोगों के लिए उपयुक्त जगह पर प्रवेश मार्ग बनाए जाएं। समारोह में किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। समारोह के दौरान मुख्यमंत्री के हाथों सम्मान राशि पाने वाले एशियाई और पैरा एशियाई पदक विजेता खिलाड़ियों और प्रतिभागी खिलाड़ियों के बैठने के लिए अलग से जगह सुनिश्चित की जाए ताकि मंच तक आने में उनको परेशानी न हो। उन्होंने निर्देश दिए कि समय रहते सभी तैयारियां पूरी की जाएं। इस दौरान खेल उप निदेशक रामहेर सिंह व जिला खेल अधिकारी विद्यानंद यादव भी मौजूद रहे। उन्होंने सांसद चौ. धर्मबीर सिंह को सम्मान समारोह के बारे में जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि सम्मान समारोह में कुल करीब 185 करोड़ रुपए की राशि खिलाड़ियों को सम्मान स्वरूप प्रदान की जाएगी, जिसमें 133 करोड़ रुपए की राशि एशियाई खेलों के खिलाड़ियों को दी जाएगी। समारोह में प्रदेशभर से करीब 15 हजार युवा-खिलाड़ियों के अलावा खेल प्रशिक्षक, खेल प्रशंसक भाग लेंगे।

न्यूज डायरी



इंसान अपने कर्मों से बनता है महान: सुखबीर

तोशाम। गांव कैरू स्थित सामुदायिक केंद्र में आदिकवि रामायण रचियता महर्षि वाल्मीकि की जयंती धूमधाम से मनाई गई। मुख्य अतिथि बाबा दिलसुख मंदिर के महंत बाबा भजन नाथ ने महर्षि वाल्मीकी की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित किए। सेवानिवृत बैंक वरिष्ठ प्रबंधक सुखबीर बागड़ी ने कहा कि महर्षि वाल्मीकी का नाम उनके सत्कर्मों, कठोर तपस्या और पवित्र ग्रंथ 'रामायण' की रचना के कारण पूरे विश्व में अमर और विख्यात हुआ। इंसान अपने जन्म से नहीं, बल्कि अपने कर्मों से महान बनता है।



महर्षि वाल्मीकि के आदर्शों को अपनाएं: विधायक

चरखी दादरी। महर्षि वाल्मीकि की शिक्षाएं समाज को समानता, मानवता, कर्तव्यनिष्ठा और सामाजिक समरसता का संदेश देती हैं। उनके आदर्शों को अपनाकर ही न्यायपूर्ण, सशक्त और संस्कारवान समाज का निर्माण किया जा सकता है। यह बात बाढड़ा के विधायक उमेद पातुवास ने सोमवार को स्थानीय लघु सचिवालय स्थित जिला समागार में महर्षि वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में कही। विधायक उमेद पातुवास ने महर्षि वाल्मीकि को नमन करते हुए कहा कि महाकाव्य रामायण के माध्यम से उन्होंने आदर्श जीवन, रिश्तों की मर्यादा, सत्य और कर्तव्यपालन की सीख दी।

महर्षि वाल्मीकि के आदर्शों पर चलने का संदेश दिया

चरखी दादरी। समस्त वाल्मीकि समाज दादरी के तत्वावधान में भगवान वाल्मीकि के प्रकटोत्सव पर आयोजित तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमों के तहत सोमवार को कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें इनेलो महिला वर्ग की जिला प्रधान इंदुबाला ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने भगवान वाल्मीकि के चित्र के समक्ष नमन कर आशीर्वाद लिया और श्रद्धालुओं को उनके आदर्शों पर चलने का संदेश दिया। इंदुबाला ने कहा कि भगवान वाल्मीकि का जीवन सत्य, सदाचार, समानता और मानवता की सेवा की प्रेरणा देता है। उनके विचार आज भी समाज को सही दिशा दिखाते हैं। व्यक्ति की महानता उसके जन्म से नहीं, बल्कि उसके विचारों, कर्मों और समाज के प्रति योगदान से तय होती है।

गुजरानी में मनाई महर्षि वाल्मीकि जयंती

भिवानी। गांव गुजरानी की वाल्मीकि चौपाल में रामायण ग्रंथ के रचयिता महर्षि वाल्मीकि की जयंती धूमधाम से मनाई। महर्षि वाल्मीकि जयंती समारोह का शुभारंभ समाजसेवी पूर्व पटवारी महाबीर सिंह व ग्रामीणों ने किया। उन्होंने महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में उपस्थितजनों को प्रसाद भी वितरित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाबीर सिंह ने कहा कि हमें महर्षि वाल्मीकि के दिखाए हुए मार्ग पर चलना चाहिए।



पूर्णिमा पर महिलाओं ने की पथवारी पूजा

चरखी दादरी। धिकाड़ा रोड स्थित हरिओम आश्रम में पूर्णिमा पर श्रद्धा और भक्ति का माहौल रहा। इस दौरान महिलाओं ने परंपरानुसार विधि-विधान से पथवारी की पूजा-अर्चना की। आश्रम परिसर में श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन और आरती में भाग लेकर परिवार व समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष जयभगवान मस्ताना की धर्मपत्नी सुशीला शर्मा ने कार्तिक पूर्णिमा के धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला।



चरखीदादरी। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत करते भाजपा जिलाध्यक्ष राष्ट्रदीप परमार।

वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का अनुभव संगठन की सबसे बड़ी ताकत: सीताराम

चरखी दादरी। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय कमलम में सोमवार को बुद्धिजीवी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश वरिष्ठ संगठन संपर्क के सह-संयोजक एवं अटेली के पूर्व विधायक सीताराम तथा बिहार और उत्तर प्रदेश के पूर्व संगठन महामंत्री एवं वरिष्ठ संगठन प्रचारक नागेंद्र ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। सीताराम और नागेंद्र ने कहा कि वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का अनुभव, समर्पण और मार्गदर्शन संगठन की सबसे बड़ी ताकत है। वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने अपने परिश्रम, त्याग और निष्ठा से भाजपा को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके अनुभवों से नई पीढ़ी के कार्यकर्ताओं को सीखने और संगठन के विचारों व संस्कारों को आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान करना और उनके अनुभवों से सीखना संगठन की परंपरा है।

एसआईआर को लेकर भ्रम की स्थिति पैदा कर रही है कांग्रेस: बनवारी लाल

चरखी दादरी। भाजपा के 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के तहत सोमवार को जिला कार्यालय कमलम में पूर्व सहकारिता मंत्री बनवारी लाल ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और राजनीतिक बयानबाजी को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा। कार्यालय पहुंचने पर भाजपा जिला अध्यक्ष राष्ट्रदीप परमार ने उनका स्वागत किया। बनवारी लाल ने कहा कि कांग्रेस एसआईआर को लेकर भ्रम की स्थिति पैदा कर रही है। उन्होंने कहा कि जिन नागरिकों को मतदान का अधिकार प्राप्त है, उनका नाम मतदाता सूची में होना चाहिए। यदि किसी पात्र मतदाता का नाम किसी कारणवश सूची में दर्ज नहीं हो पाया है, तो वह निर्धारित प्रक्रिया के तहत फॉर्म-6 भरकर नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकता है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में मृत व्यक्तियों के नाम हटाने और स्थानांतरण के कारण दो स्थानों पर दर्ज नामों में नियमानुसार संशोधन करने की प्रक्रिया जरूरी है।



चरखीदादरी। कार्यक्रम में मौजूद पूर्व मंत्री बनवारी लाल व अन्य पदाधिकारी।



भिवानी। शिक्षा बोर्ड परिसर में भगवान वाल्मीकि के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए।

महर्षि वाल्मीकि जयंती पर शिक्षा बोर्ड में मनाया श्रद्धा और प्रेरणा का उज्ज्वल उत्सव

भिवानी। महर्षि वाल्मीकि न केवल महान कवि थे, बल्कि वे एक समाज सुधारक और युगदृष्टा भी थे। उन्होंने वर्ण, वर्ग और भेदभाव से ऊपर उठकर मानवता को सर्वोपरि स्थान दिया। आज के दौर में महर्षि वाल्मीकि के विचार हमें समाज में एकता, करुणा और सहअस्तित्व की भावना को मजबूत करने का संदेश देते हैं। उन्होंने शिक्षा को चरित्र निर्माण का सबसे सशक्त माध्यम बताते हुए कहा कि शिक्षण संस्थानों को बच्चों में संस्कार, संवेदना और मानवीयता के मूल्य विकसित करने चाहिए। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड में आज बड़े ही श्रद्धा, सम्मान और उत्साहपूर्वक महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई गई। इस विशेष कार्यक्रम में बोर्ड के अध्यक्ष श्री शंकर लाल धूपड़ ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। बोर्ड अध्यक्ष ने महर्षि वाल्मीकि जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। लाल धूपड़ ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि भारतीय संस्कृति के आदिकवि हैं, जिन्होंने रामायण जैसी अमर कृति की रचना कर समूचे विश्व को सत्य, मर्यादा और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

श्रीश्याम चौक पर संकीर्तन महोत्सव में फूलों से सजा दरबार

खाटू श्रीश्याम के दरबार में गूंजे बाबा के जयकारे

कार्यक्रम में हनुमान जोहड़ी के महंत चरणदास महाराज का सान्निध्य मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। पतराम गेट पर सजा श्रीश्याम का दरबार। फोटो : हरिभूमि

छोटी काशी के नाम से विख्यात भिवानी शहर इन दिनों पूरी तरह भक्ति के रंग में रंगा हुआ है। पतराम गेट स्थित श्रीश्याम चौक पर वार्षिक संकीर्तन महोत्सव में श्रीश्याम का दरबार सजाया गया। इस धार्मिक और आध्यात्मिक आयोजन में जिलेभर से पहुंचे सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और बाबा श्रीश्याम के दरबार में हाजिरी लगाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान पूरा क्षेत्र श्रीश्याम बाबा के जयकारों और मधुर भजनों से गूंज उठा, जिससे शहर का माहौल पूरी तरह से भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में हनुमान जोहड़ी के महंत चरणदास महाराज और सिद्धपीठ बाबा जहरगिरि आश्रम के पीठाधीश्वर श्रीमहंत डॉ. अशोक गिरि महाराज का सान्निध्य प्राप्त हुआ।

मनमोहक रागिनियों से बांधा समां

इसके साथ ही डॉ. आशीष मित्तल ने संकीर्तन महोत्सव में बतौर मुख्यतिथि शिरकत की और आयोजन की सफलता की सराहना की। कीर्तन संध्या का मुख्य आकर्षण भजन गायकों की मनमोहक प्रस्तुतियां रहीं। दिल्ली से पहुंची भजन गायिका प्रेरणा मित्तल ने अपनी सुरीली आवाज में एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें सुनकर श्रोता झूम उठे। भजन गायक निखिल अग्रवाल व मोनू सांवरिया ने भी बाबा श्रीश्याम के चरणों में अपनी हाजिरी लगाई और भजन प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम के आयोजक महेंद्र सैनी ने बताया कि बाबा श्रीश्याम कलयुग के प्रत्यक्ष देवता माने जाते हैं, जो सच्चे मन और सच्ची निष्ठा से अपनी अदालत में आने वाले हर भक्त की अर्जी अवश्य स्वीकार करते हैं। संकीर्तन महोत्सव में बाबा श्रीश्याम का आकर्षक दरबार, फूलों व आभूषणों से सुसज्जित अलौकिक श्रृंगार, श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीक अखंड ज्योत प्रज्वलन, बाबा को अर्पित छप्पन भोग प्रसाद मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। इस अवसर पर शिवशंकर गोयल, विरेंद्र जांगडा, सचिन जांगडा, सुमित जांगडा, विशाल जांगडा, गुगन सैनी, योगेश शर्मा, डॉ. चिराग, वेदप्रकाश अग्रवाल व प्रवीण मुखी आदि मौजूद रहे।

भगवान महर्षि वाल्मीकि के आदर्शों को जीवन में धारण करना चाहिए: सांसद

■ डीआरडीए सभागार में हुआ जिला स्तरीय समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। डीआरडीए हॉल में आयोजित मीटिंग में अधिकारियों के दिशा निर्देश देते हुए।

भगवान महर्षि वाल्मीकि की जयंती पर सोमवार को लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में जिला स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। सांसद चौ. धर्मबीर सिंह ने समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने महर्षि वाल्मीकि के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित किए।

इस दौरान एडीसी दीपक बाबूलाल करवा, एसडीएम महेश कुमार व भाजपा जिलाध्यक्ष विरेन्द्र कौशिक भी मौजूद रहे। सांसद ने कहा कि हमें महर्षि वाल्मीकि के आदर्शों को जीवन में धारण करना चाहिए। समारोह में अपना संदेश देते हुए सांसद ने कहा कि संत-महापुरूषों के जंयती समारोह समाज में समरसता लाने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण के राम, लक्ष्मण, सीता और रावण सहित सभी पात्रों के जीवन से कोई न कोई उपदेश हमें जरूर मिलता है।

जहां एक तरफ राम का जीवन दर्शन मर्यादा का संदेश देता है, वहीं दूसरी तरफ रावण की सोच हमें यह उपदेश देती है कि जीवन में कभी भी किसी पद या प्रतिष्ठाां का अहंकार नहीं करना चाहिए, यह विनाश का कारण बनता है।

खबर संक्षेप

लोक अदालत में समझौते से निपटाए जाएंगे मामले

चरखी दादरी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दादरी की ओर से आगामी 12 दिसंबर 2026 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार आयोजित होने वाली इस लोक अदालत का उद्देश्य आमजन को सुलभ, त्वरित एवं निःशुल्क न्याय उपलब्ध करवाना और आपसी सहमति से विवादों का निपटारा करना है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संजीव काजला ने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा प्राधिकरण के अध्यक्ष देश राज चालिया के मार्गदर्शन में लोक अदालत की तैयारियां की जा रही हैं।



भागवत चिंतन से जीव को मिलती है मुक्ति की राह : दंडी स्वामी

चरखी दादरी। भागवत मर्मज्ञ दंडी स्वामी ब्रह्माश्रम, विश्वनाथधाम ने कहा कि सांसारिक पदार्थों और माया के वशीभूत होकर मनुष्य जीवनभर भटकता रहता है। श्रीमद्भागवत का नियमित स्मरण, मनन और चिंतन जीव की मुक्ति का सहज मार्ग है। इसके माध्यम से मनुष्य आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त कर जीवन को सार्थक बना सकता है। वे दादरी नगर की अग्रसेन धर्मशाला में आयोजित श्रीमद्भागवत सप्ताह महायज्ञ के दौरान श्रद्धालुओं को भागवत के दर्शन और आध्यात्मिक संदेशों की सरल व्याख्या कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लाखों योनियों के बाद जीव को मानव योनि प्राप्त होती है। मनुष्य में विवेक, ज्ञान और आत्म चिंतन की क्षमता होती है। इन गुणों के आधार पर वह धर्म, भक्ति, साधना, परमार्थ, तप और त्याग के मार्ग पर चलकर आवागमन के चक्र से मुक्ति पाकर परमानंद की अनुभूति कर सकता है।

नप ने दो रेलवे ओवरब्रिज और अंडरपास का किया चयन

30 लाख से दादरी में दीवारों पर होगी आकर्षक चित्रकारी

शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने को नप ने शुरू किया वॉल पेंटिंग अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



चरखी दादरी। नगर परिषद की ओर से पिछले वर्ष एमसीएच यूनिट की दीवार पर बनवाई पेंटिंग।

शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए नगर परिषद ने वॉल पेंटिंग अभियान शुरू करने की तैयारी कर ली है। इसके तहत 30 लाख रुपये की लागत से शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों, सरकारी भवनों और दीवारों पर आकर्षक चित्रकारी करवाई जाएगी।

इस पहल का उद्देश्य शहर की सुंदरता बढ़ाने के साथ लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना भी है। अभियान के लिए नप ने शहर के दो रेलवे ओवरब्रिज और एक अंडरपास को प्राथमिकता के आधार पर चिह्नित किया है। इसके अलावा शहर के अन्य हिस्सों में भी इस कार्य का विस्तार किया जाएगा। इसके लिए सभी वार्ड पार्षदों से उनके क्षेत्रों में खाली एवं चित्रकारी के लिहाज से उपयुक्त दीवारों की जानकारी मांगी गई है। स्थानों का चयन होने के बाद अभियान के दायरे को अंतिम रूप दिया जाएगा। नप का प्रयास है कि शहर में ऐसे स्थानों को चिह्नित कर उनका सौंदर्यकरण किया जाए, जहां दीवारों की बदहाल स्थिति और गंदगी के कारण आसपास का वातावरण प्रभावित होता है।

पिछले साल भी करवाई थी वॉल पेंटिंग

चित्रकारी के माध्यम से उक्त स्थानों को आकर्षक बनाने के साथ स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता से जुड़े संदेश भी प्रदर्शित किए जा सकते हैं। गौरतलब है कि नगर परिषद की ओर से पिछले वर्ष भी शहर के कई प्रमुख स्थानों पर वॉल पेंटिंग करवाई थी, जिस पर शहरवासियों की अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी। इसी अनुभव आधार पर अभियान को व्यापक स्तर पर संचालित करने की योजना बनाई है। स्वच्छ भारत मिशन की जिला प्रभारी ज्योति शर्मा ने बताया कि दादरी को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित शहर बनाना अभियान का प्रमुख उद्देश्य है। दीवारों पर कलात्मक चित्रकारी से सार्वजनिक स्थानों की सुंदरता बढ़ेगी और लोगों को स्वच्छता बनाए रखने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे नप के प्रयासों में सहयोग करें, सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी न फैलाएं व शहर को साफ रखने में अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

राकेश जांगड़ा बने राज्य प्रधान

पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन ने राज्य कमेटी चुनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन का राज्य कार्यकर्ता सम्मेलन 24 अक्टूबर शनिवार को सेकेंड वाटर वर्क्स झज्जर रोड रोहतक में हुआ। सम्मेलन का मंच संचालन श्रीभगवान अहलावत ने किया। सम्मेलन में संगठन की गतिविधियों और कर्मचारियों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। इसके बाद आगामी तीन वर्षों के लिए राज्य कमेटी का सर्वसम्मति से चुनाव किया। चुनाव में सीताराम सुथार को राज्य चेयरमैन, राकेश कुमार जांगड़ा को राज्य प्रधान, श्रीभगवान अहलावत को राज्य महासचिव, नसीब रापड़िया को राज्य कोषाध्यक्ष तथा बलवान सिंह कालीरामना को राज्य वरिष्ठ उपप्रधान चुना गया। नई राज्य कार्यकारिणी गठन की जिम्मेदारी भी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को सौंपी। इस अवसर पर राजेश फौजी, राजूराम शर्मा, रमेश शर्मा, बबलू शर्मा, राजकुमार पूनिया, मनजीत सिहाग, आत्माराम, तुलसीराम, सुनील, रतीभान सांगवान, जगदीश शर्मा, व सोनू वर्मा आदि मौजूद रहे।

बुकसैलर एंड स्टेशनर्स एसोसिएशन ने मनाया संस्कृति दीप महोत्सव

भिवानी। बुकसैलर एंड स्टेशनर्स एसोसिएशन द्वारा परिवार संग उत्सव के अंतर्गत श्रीसनातन संस्कृति दीप महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम न केवल सदस्यों के मिलन का माध्यम बना, बल्कि बच्चों और परिवारों के लिए सामाजिक मजबूती और एकता के महत्व को समझने का एक महत्वपूर्ण अवसर भी प्रदान किया। इस अवसर पर एसो. संरक्षक रमेश सिंघल, प्रधान दीपक नहाड़िया आदि मौजूद रहे।

न्यूज डायरी



नाटक 'गूंगी चीखें' का सशक्त मंचन किया

भिवानी। सीबीएलयू भिवानी एवं उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान में हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सात दिवसीय 'विरासत कला उत्सव' का विवि के ओल्ड कैंपस में शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ सुरेश मलिक, कॉर्डिनेटर रविंद्र श्योराण,एनसीजेडसी सी, कला विशेषज्ञ रमन शांडिल्य एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। प्रथम दिन - नाटक 'गूंगी चीखें' बना आकर्षण का केंद्र उत्सव के प्रथम दिन मंच पर नाटक 'गूंगी चीखें' का सशक्त मंचन किया गया, जिसके लेखक विकास शर्मा एवं निर्देशक रवि शर्मा हैं। समाज में महिलाओं के प्रति होने वाले अत्याचारों और उनकी अनकही पीड़ा को दर्शाते इस मार्मिक नाटक ने उपस्थित सैकड़ों विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं दर्शकों को भावुक कर दिया।

मेधावी विद्यार्थियों को बांटे उपहार



बवानीखेड़ा। हरियाणा सरकार के उपक्रम हरियाणा ज्ञान निगम लिमिटेड के कंप्यूटर केंद्र में विद्यार्थियों की मेहनत और लगन को प्रोत्साहित करने के लिए उपहार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विभिन्न परीक्षाओं में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले तथा केंद्र की गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने वाले विद्यार्थियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कृष्ण, नसीब, रविंद्र, बंटी सहित अन्य विद्यार्थियों को उपहार प्रदान किए गए। उपहार मिलने से विद्यार्थियों में उत्साह देखने को मिला। केंद्र के संचालक पवन मेहता ने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत को पहचानना और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना इस पहल का मुख्य उद्देश्य है।



दादरी की बेटियों ने जीते दो कांस्य पदक

चरखी दादरी। जींद के आधारशिला पब्लिक स्कूल में 24 और 25 अक्टूबर को आयोजित दो दिवसीय हरियाणा राज्य रग्बी प्रतियोगिता में दादरी की बालिका टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। अस्मिता अभियान के तहत आयोजित इस प्रतियोगिता में जिले की अंडर-15 और अंडर-18 बालिका टीमों ने तीसरा स्थान हासिल कर दो पदक अपने नाम किए। जिला रग्बी संघ के सचिव राजेश तक्षक ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। अंडर-15 टीम ने रोहतक को 27-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में जींद के खिलाफ हार के बाद दादरी की टीम को तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा।अंडर-18 बालिका टीम ने पानीपत को 35-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। क्वार्टर फाइनल में सोनीपत को 22-5 से शिकस्त देकर टीम सेमीफाइनल में पहुंची। यहां जींद के साथ कड़े मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा।

6.82 लाख एकड़ में होगी बिजाई: डा. राजेश

भिवानी। रबी सीजन 2026-27 के दौरान भिवानी जिले में लगभग 6 लाख 82 हजार एकड़ क्षेत्र में बिजाई होने की संभावना है। इसमें मुख्य रूप से करीब 3 लाख 30 हजार एकड़ में सरसों और 2 लाख 75 हजार एकड़ में गेहूं की बिजाई प्रस्तावित है। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने किसानों से सरसों की बिजाई के लिए डीएपी खाद पर निर्भरता कम करते हुए अन्य वैकल्पिक उर्वरकों का इस्तेमाल करने की अपील की है।

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक डा. राजेश सिहाग ने बताया कि 2026-27 में एक अप्रैल 2026 से अब तक जिले में 55,734 मीट्रिक टन यूरिया और 22,328 मीट्रिक टन डीएपी खाद उपलब्ध करवाई जा चुकी है। एक अक्टूबर 2026 को जिले में 18,613.35 मीट्रिक टन यूरिया और 3,574.50 मीट्रिक टन डीएपी का स्टॉक उपलब्ध था। रबी सीजन के लिए 6,066.93 मीट्रिक टन यूरिया तथा 6,405.20 मीट्रिक टन डीएपी खरीद चुके हैं।



मास्टर सुंदरपाल फौगाट को किया सम्मानित

चरखी दादरी। कस्बा झोझू कलां स्थित महिला महाविद्यालय में समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए मास्टर सुंदरपाल फौगाट को सम्मानित किया गया। महाविद्यालय प्रबंधन समिति और प्राचार्य ने उन्हें पगड़ी, शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उन्हें यह सम्मान मुख्य रूप से पौधारोपण और रक्तदान के क्षेत्र में किए गए सराहनीय कार्यों के लिए प्रदान किया। कार्यक्रम में लोहारू के एसडीएम मनोज कुमार दलाल, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजपाल, समाजसेवी अनिल कालूवाला, जन कल्याण समिति के प्रधान सुरेंद्र पाल सांगवान, सुरेश पहलवान, समाजसेवी सोमवीर घसोला और प्रोफेसर मंजू सांगवान उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने मास्टर सुंदरपाल फौगाट के सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण और रक्तदान के माध्यम से मानव सेवा करना समाज के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयासों से लोगों में सामाजिक जिम्मेदारी और जनकल्याण की भावना मजबूत होती है। कार्यक्रम में समाजसेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने का संदेश दिया।

गांव उमरावत में चंद्रमा की रोशनी में बनी औषधीय खीर का बांटा प्रसाद

■ उमरावत में शरद पूर्णिमा पर हुआ रात्रि जागरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। कलाकारों को सम्मानित करते आयोजक।

गांव उमरावत स्थित मुख्य मंदिर परिसर में शरद पूर्णिमा पर रविवार रात बाबा मुखराम दास सेवा सोसायटी द्वारा समस्त ग्रामीणों के सहयोग से रात्रि जागरण का आयोजन किया।

धार्मिक अनुष्ठान में उमड़े श्रद्धालुओं ने पूरी रात भक्ति गीतों और भजनों पर झूमते हुए बाबा मुखरामदास बलदेवदास दुधाधारी महाराज के चरणों में नमन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीसनातन धर्म जागरण मंडल ने किया, जिसके कलाकारों ने अपनी सुरीली प्रस्तुतियों से पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मध्य रात्रि को महाआरती के बाद श्रद्धालुओं को चंद्रमा की शीतल चांदनी में रखी विशेष खीर का प्रसाद वितरित किया। मंदिर कमेटी के प्रधान जितेन्द्र कौशिक ने शरद पूर्णिमा के धार्मिक और वैज्ञानिक महत्व पर प्रकाश डाला।

इस मौके पर म्हारी संस्कृति म्हारा स्वाभिमान संगठन के अध्यक्ष राकेश गौड़, चेयरमैन हनुमान कौशिक, पंकज, राकेश, ललित, अनूप मेम्बर, सतबीर शर्मा, साधु शास्त्री, सोनू एडवोकेट, दीपक, हरीश व मुकेश आदि मौजूद रहे।



महर्षि वाल्मीकि जयंती पर एचएसआईआईडीसी खानक ने वितरित की खेलों की सामग्री

तोशाम। महर्षि वाल्मीकि जयंती के पावन अवसर पर हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम एचएसआईआईडीसी खानक द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत गांव खानक एवं बागनवाला में खेल सामग्री का वितरण किया गया। साथ ही आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों के लिए आवश्यक सामग्री भी वितरित की गई। एचएसआईआईडीसी के वरिष्ठ प्रबंधक रविंद्र जाखड़ एवं सुपरवाइजर-कम-मैनेजर जसबीर शर्मा द्वारा सामग्री वितरित की गई। इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को खेल गतिविधियों के प्रति प्रोत्साहित करना, उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास को बढ़ावा देना तथा आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों के लिए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना है। महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर की गई यह पहल समाज सेवा और सामुदायिक विकास की दिशा में एक सार्थक कदम है।

हास्य, व्यंग्य, कविता और कहानी का अद्भुत संगम शब्दाक्षर महाकुंभ : एडीसी

■ भिवानी में शब्दाक्षर राष्ट्रीय साहित्योत्सव दूसरे दिन भी जारी, कवियों ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में एडीसी को स्मृति चिंह देकर सम्मानित करते हुए।

सांस्कृतिक और साहित्यिक चेतना की संवाहक राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था शब्दाक्षर के तत्वावधान में दादरी गेट स्थित श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर में त्रिदिवसीय शब्दाक्षर हरियाणा राष्ट्रीय साहित्योत्सव 2026 का आयोजन स्वामी डा. सदानंद महाराज के सान्निध्य में भव्य आयोजन हो रहा है। सोमवार को कार्यक्रम के दूसरे दिन देश के 25 विभिन्न राज्यों से प्रतिष्ठित कवि, साहित्यकार और लेखक एक ही मंच पर एकत्र हुए। इस त्रिदिवसीय महाकुंभ में हिंदी साहित्य, काव्य पाठ, कार्यशालाओं और साहित्य शिल्प से जुड़े विभिन्न सत्र आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे नई पीढ़ी को अपनी भाषाई जड़ों से जुड़ने की प्रेरणा मिल रही है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करने पहुंचे अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबूलाल करवा ने अपने अनुभव साझा किए और कहा कि शब्दाक्षर कार्यक्रम में उन्होंने कुछ क्षण बिताए और यह काफी मनोरंजक, हास्य, व्यंग्य, कविता और कहानी देने वाला था।

कविताओं और रचनाओं से समां बांधा

संस्था के प्रदेश संरक्षक डा. मुरलीधर द्विवेदी ने बताया कि शब्दाक्षर एक ऐसा राष्ट्रीय संस्थान है, जहां पूरे भारतवर्ष के लगभग 25 प्रदेशों के साहित्यकारों ने उपस्थित होकर अपनी साहित्य साधना की है और राष्ट्रीयता, राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया है। इस दौरान मध्य प्रदेश से राकेश कुमार व बृजेश त्रिवेदी, छत्तीसगढ़ से डॉ. महेंद्र ठाकुर, राजस्थान से सुरेश जांगिड़ और महाराष्ट्र से टेकचंद सिंधवी ने अपनी कविताओं और रचनाओं से समां बांधा। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय संरक्षक एवं अंतर्राष्ट्रीय गीतकार डॉ. बुद्धिनाथ मिश्र तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि प्रताप सिंह ने भी अपने विचार रखे।



टीम के बेहतरीन प्रदर्शन पर जताई खुशी

बहल। अस्मिता रग्बी राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में अंडर 15 आयु वर्ग में भिवानी की टीम ने दूसरा स्थान हासिल किया है। टीम में शामिल बहल क्षेत्र के चैहड़ कलां गांव की बेटी अंशुल का शानदार प्रदर्शन रहा है। अंशुल की सफलता पर उसके गांव में खुशी का माहौल है। जिला भिवानी रग्बी अंडर 15 टीम के कोच मुकेश घनघस ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन जींद में रग्बी एसो. आफ हरियाणा के निदेशक नरेंद्र मोर की अध्यक्षता में आयोजित हुआ था। इस प्रतियोगिता में लड़कियों की अंडर 15 आयु वर्ग मुकाबले में भिवानी की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और प्रतियोगित में दूसरा स्थान हासिल किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295154800, 8814999151, 9253681005, 8295157800

नशा सभ्य समाज के लिए अभिशाप:मनोज

बाढड़ा। नशा व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक रूप से विकृत कर उसे परिवार, समाज और राष्ट्र के लिए अभिशाप बना देता है। हमारे वेद शास्त्रों व ऋषि महर्षियों एवं महात्माओं ने नशे से बचने के लिए कदम कदम पर मानव समाज को सचेत किया है। दुर्भाग्य से आज का युवा बड़ी तेजी से नशे की दलदल में फंसता और धंसता जा रहा है। जो कि सभ्य समाज के लिए बहुत बड़ी चिंता का विषय है।

उक्त उद्गार एसडीएम मनोज कुमार ने आर्यसमाज मन्दिर बाढड़ा में आयोजित शरद् पूर्णिमा महोत्सव में मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि आर्यसमाज ने पाखंड अधविश्वास व सामाजिक बुराइयों के विरोध के साथ साथ हर प्रकार के नशे के खिलाफ आवाज बुलंद रखी है।

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5 X 8 सें.मी 10X 8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 2000/- रु. 2500/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

मुख्यमंत्री, शिक्षामंत्री व अधिकारियों से हो चुकी पांच बार बैठकें: शास्त्री

अतिथि अध्यापकों के नियमितीकरण की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



चरखी दादरी। विधायक कैंप कार्यालय में ज्ञापन सौंपते संघ पदाधिकारी व अतिथि अध्यापक। फोटो : हरिभूमि

राजकीय अनुबंधित अध्यापक संघ संबंधित सर्व कर्मचारी संघ की जिला कमेटी ने अतिथि अध्यापकों को नियमित करने की मांग को लेकर विधायक सुनील सतपाल सांगवान के कैंप कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। संघ के अनिल के नेतृत्व में सौंपे ज्ञापन के माध्यम से शिक्षकों ने न्यायालय के निर्णयों को लागू कर नियमितीकरण नीति के तहत अतिथि अध्यापकों को नियमित करने की मांग उठाई।

अध्यापक संघ के जिला सचिव कृष्ण सिंह शास्त्री ने कहा कि प्रदेश के विद्यालयों में शिक्षकों की कमी दूर करने एवं शिक्षा व्यवस्था में सुधार के उद्देश्य से वर्ष 2005 से 2008 के बीच अतिथि अध्यापकों की नियुक्ति की थी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 की नियमितीकरण नीति को उच्चतम न्यायालय ने 16 अप्रैल 2026 को सही ठहराया। इसके बाद पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने भी विभिन्न मामलों में नियमितीकरण नीति के तहत अतिथि अध्यापकों व कर्मचारियों को नियमित करने के आदेश दिए। इसके बावजूद अतिथि अध्यापकों को नियमित नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि न्यायालय के निर्णय लागू करवाने की मांग को लेकर संघ 23 जून से कुरुक्षेत्र में अनिश्चितकालीन धरना दे रहा है। आंदोलन के सिलसिले में मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री और संबंधित अधिकारियों के साथ पांच बार बैठकें हो चुकी हैं, लेकिन नियमितीकरण पर कोई ठोस निर्णय नहीं हुआ।

मांग पूरी नहीं हुई तो होगा आंदोलन

सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान यशपाल सांगवान ने विधायक प्रतिनिधि से सरकार के समक्ष मांग उठाकर नियमितीकरण की प्रक्रिया शुरू करवाने की अपील की। उन्होंने कहा कि लंबे समय से असुरक्षा और अनिश्चितता का सामना कर रहे अतिथि अध्यापकों को न्याय मिलना चाहिए। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी भी दी गई। इस अवसर पर हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के खंड सचिव राजेश फौगाट, उषा रानी, ज्योति, सुशीला देवी, राजपाल सिंह व सुरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।